# हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय

वि0स0-ई-विधान-ई-कनस्टीट्यूएंसी मैनेजमैंट-8ई-वी-03/2016

प्रेषक:

**सचिव,**
**हि0 प्र0 विधान सभा।**

प्रेषित:

**अतिरिक्त मुख्य सचिव (लोक निर्माण),**
**हिमाचल प्रदेश सरकार,**
**शिमला-171002.**

शिमला-171004, दिनांक: 22/03/2019

**विषय:** **दिनांक 18 मार्च, 2019 को हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय में लोक निर्माण विभाग हिमाचल प्रदेश के लिए ई-विधान तथा ई-निर्वाचन प्रबन्धन पर किए गए कार्यशाला एवं प्रशिक्षण के आयोजन की कार्यवाही बारे।**

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में मुझे आपको दिनांक 18 मार्च, 2019 को हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय द्वारा लोक निर्माण विभाग हिमाचल प्रदेश के लिए ई-विधान तथा ई-निर्वाचन प्रबन्धन पर किए गए कार्यशाला एवं प्रशिक्षण की कार्यवाही की प्रतिलिपि प्रेषित करने का निर्देश हुआ है, कार्यवाही की प्रतिलिपि संलग्न है।

भवदीय,

यशपाल
22/03/19

**(यशपाल शर्मा),**
**सचिव ,**
**हि0 प्र0 विधान सभा।**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ :-**

1. प्रमुख अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला-171002.
2. प्रमुख अभियन्ता (परियोजना), लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला-171002.
3. मुख्य अभियन्ता शिमला जोन, लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला-171002.
4. समिति अधिकारी, ई-गवर्नेंस एवं सामान्य प्रयोजनों संबंधी समिति, हि0 प्र0 विधान सभा, शिमला-171004.

**(यशपाल शर्मा),**
**सचिव ,**
**हि0 प्र0 विधान सभा।**
**दूरभाष : 0177-2656424.**

# हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय द्वारा लोक निर्माण विभाग हिमाचल प्रदेश के लिए ई-विधान तथा ई-निर्वाचन प्रबन्धन पर एक कार्यशाला एवं प्रशिक्षण की कार्यवाही ।

दिनांक 18 मार्च, 2019 को हिमाचल प्रदेश विधान सभा सचिवालय में लोक निर्माण विभाग हिमाचल प्रदेश के अधिकारियों के लिए ई-विधान तथा ई-निर्वाचन प्रबन्धन पर एक कार्यशाला एवं प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन लोक निर्माण विभाग द्वारा विधान सभा सचिवालय से ई-विधान प्रणाली तथा ई-निर्वाचन प्रबन्धन से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी तथा इसके उपयोग से कार्य में दक्षता एवं पारदर्शिता लाने के प्रयास को सुनिश्चित करना था।

इस अवसर पर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव (लोक निर्माण) श्रीमती मनिषा नन्दा विशेष रूप से उपस्थित थी।

हिमाचल प्रदेश विधान सभा से सचिव, श्री यशपाल शर्मा एवं हिमाचल प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष के निदेशक सूचना एवं प्रोद्योगिकी श्री धर्मेश शर्मा ने ई-विधान प्रणाली तथा ई-निर्वाचन प्रबन्धन से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी दी तथा विधान सभा की ई-गवर्नेंस समिति के निर्देशों अनुसार इसके उपयोग से लोक निर्माण विभाग के कार्य में दक्षता एवं पारदर्शिता लाने के प्रयास को सुनिश्चित करने के बारे में अवगत कराया।

इस अवसर पर लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियन्ता श्री आर0 पी0 वर्मा, प्रमुख अभियन्ता, (परियोजना) श्री आर0 के0 वर्मा, मुख्य अभियन्ता शिमला जोन, श्री ललित भूषण, अधीक्षण अभियन्ता वृत सर्कल शिमला-iv श्री सुरेश कपूर, अधीक्षण अभियन्ता सोलन श्री एस0 पी0 जगोता, अधीक्षण अभियन्ता , नाहन, श्री महेश सिंघल , अधीक्षण अभियन्ता प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना श्रीमती अर्चना ठाकुर, शिमला जोन के अधीन आने वाले सभी अधिशाषी अभियन्ता तथा सहायक अभियन्ता लोक निमाण विभाग हिमाचल प्रदेश विधान सभा डॉ0 रवि कौंडल तथा लोक निर्माण विभाग शिमला जोन के कई अभियन्ता मौजूद थे।

कार्यशाला के दौरान विधान सभा सचिव श्री यशपाल शर्मा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग से विधान सभा के लिए सत्र के दौरान लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित पूछे गये प्रश्नों के उत्तर लोक निर्माण विभाग से सम्बन्धित विषयों पर सदन में चर्चा तथा सदन की समितियों द्वारा लोक निर्माण विभाग से मांगे गये उत्तरों को हासिल किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब हिमाचल प्रदेश विधान सभा पूर्ण रूप से कागज़ रहित हो गई है इसलिए विभाग विधान सभा को जो भी सूचनाएं प्रदान करें उसे ऑन लाईन ही भेजें ताकि कार्यो में दक्षता व पारदर्शिता लाई जा सके।

विधान सभा अध्यक्ष के निदेशक सूचना प्रोद्योगिकी श्री धर्मेश शर्मा ने इस अवसर पर एक वृत चित्र के माध्यम से कार्यशाला में मौजूद लोक निर्माण विभाग के सभी अधिकारियों एवं अभियन्ताओं के ई-विधान प्रणाली तथा ई-निर्वाचन प्रबन्धन की विस्तृत जानकारी दी।

यशपाल

ई-निर्वाचन प्रबन्धन के लागू होने से जहां कार्य में दक्षता व पारदर्शिता आयेगी वहीं माननीय विधायक गण अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों को विकासात्मक कार्यो तथा विधान सभा क्षेत्र के अन्दर हो रही अन्य गतिविधियों की आसानी से जानकारी दें सकेंगे । इसके अतिरिक्त विधायक का अधिकारियों से सीधा संवाद रहेगा तथा उनके कार्यों की उन्हें मोबाईल ऐप के ज़रिए सीधी जानकारी मिल सकेगी। इसके अतिरिक्त माननीय विधायक द्वारा जन समस्याओं से सम्बन्धित अधिकारियों को प्रेषित पत्रों पर हुई विभागीय कार्रवाई की जानकारी भी ऑन लाईन हासिल की जा सकेंगी। इससे कार्य में दक्षता, पारदर्शिता तो आयेगी ही बल्कि कार्यों में विलम्ब भी स्वतः दूर किया जा सकेगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नीचे से उपर के स्तर तक विकासात्मक कार्यों तथा जन समस्याओं के लिए ऑन लाईन तरीके से माननीय विधायकों के साथ जुड़ना होगा।

विधान सभा सचिवालय में कार्यशाला का आयोजन दो सत्रों में किया गया। पहला सत्र पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1 बजे तक तथा दूसरा सत्र अपराह्न 2 बजे से 4.30 बजे तक आयोजित किया गया।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश सरकार की अतिरिक्त मुख्य सचिव (लोक निर्माण), श्रीमती मनिषा नन्दा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग ई-विधान प्रणाली तथा ई-निर्वाचन प्रबन्धन की प्रशंसा करता है तथा इसे सफल बनाने में विभाग अपना पूरा सहयोग देगा तथा सभी अधिकारी व अभियन्ता मोबाईल ऐप के ज़रिए माननीय विधायकों को सूचनाएं प्रदान करने के लिए हर स्तर पर सजग व तैनात रहेंगे। श्रीमती मनिषा नंदा ने कहा कि इससे कार्य में तीव्रता व पारदर्शिता आयेगी तथा अधिकारी अपने कार्य के प्रति सचेत रहेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि ई-निर्वाचन प्रबन्धन में 15 मई, 2019 तक लोक निर्माण विभाग के शिमला ज़ोन से संबंधित सभी तरह की जानकारी को अपडेट कर दिया जाएगा और इसके बाद लोक निर्माण विभाग के शेष बचे ज़ोन से संबंधित सभी तरह की जानकारी को भी अपडेट किया जाएगा ।

मुख्य अभियन्ता शिमला ज़ोन, श्री ललित भूषण ने कार्यशाला में मौजूद विधान सभा अधिकारियों तथा लोक निर्माण विभाग के अभियन्ताओं का धन्यवाद किया।

यशपाल
22/03/19
(यशपाल शर्मा),
सचिव,
हि0प्र0 विधान सभा ।

********